Class - 5
Subject - HINDI
पाठ – 8 अँधेरे का दीपक

1. शब्दार्थ :–

ज्योति	–	रोशनी
स्पर्श	–	छूना
संयोग	–	इत्तफ़ाक
निर्माता	–	बनाने वाला
अनुसंधान	–	खोज–बीन
विस्तृत	–	विस्तार से
प्रकाश पुंज	–	रोशनी का झुंड या घर
मूक बधिर	–	गूँगे–बहरे
दृष्टिहीन	–	जो देख नहीं सकता
रटंत कंठ विद्या	–	ज़बानी याद कर लेना
लेखन विधि	–	लिखने का तरीका
त्रुटियाँ	–	गलतियाँ
रंग लाना	–	सफल होना
विवरण	–	ब्यौरा
रश्मियाँ	–	किरणें
उपलब्ध	–	मिलना

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बताइए –

क. लोगों के जींवन के अंधकार को दूर करने वाले को क्या कहते हैं? और क्यों?

उत्तर लोगों के जींवन के अंधकार को दूर करने वाले को महान कहा जाता है क्योंकि रात्रि का अंधकार तो दीप जलाकर दूर किया जा सकता है, किंतु जिसके जीवन में अंधकार छाया हो उसे दूर करना आसान नहीं होता।

ख. हम दृष्टिहीनों की सहायता किस प्रकार कर सकते हैं?

उत्तर हम दृष्टिहीनों की सहायता अनेक प्रकार से कर सकते हैं। जैसे – उन्हें शिक्षित कर आत्मनिर्भर बनने में मदद करके; दृष्टिहीनों की संस्था को चंदा देकर; उनका मनोबल बढ़ाकर तथा रास्तों में उनकी मदद करके।

ग. दृष्टिहीनों के लिए लेखन विधि के निर्माता कौन थे?

उत्तर दृष्टिहीनों के लिए लेखन विधि के निर्माता चार्ल्स बारबियर थे।

3. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

क. लुई के पिता ने उनकी किस प्रकार सहायता की?

उत्तर लुई के पिता ने उनकी सहायता अंध विद्यालय में दाखिला करवाकर की ताकि लुई दृष्टिहीन होते हुए भी शिक्षा प्राप्त कर सकें।

ख. अंध विद्यालय में छात्रों को अक्षरज्ञान किस प्रकार दिया जाता था?

उत्तर अंध विद्यालय में छात्रों को अक्षरों की सामान्य आकृतियाँ किसी मोटे कागज पर उभार कर सिखाई जाती थीं। छात्र उस उभार को उँगली के स्पर्श से पहचानते थे। इस प्रकार उन्हें अक्षरज्ञान दिया जाता था।

ग. चार्ल्स बारबियर ने लेखन विधि का निर्माण क्यों किया था?

उत्तर चार्ल्स बारबियर ने लेखन विधि का निर्माण सैनिकों के लिए विकसित किया था ताकि वे अंधेरी रात में भी छूकर संदेश पढ़ सकें।

घ. लुई ब्रेल को ब्रेल लिपि बनाने की प्रेरणा कहाँ से मिली तथा वे अपना कार्य किस प्रकार करते थे?

उत्तर लुई ब्रेल को ब्रेल लिपि बनाने की प्रेरणा चार्ल्स बारबियर के भाषण से मिली। लुई रातभर मोटे कागज पर बिंदुओं से अक्षर बनाते और दिन में अपने मित्रों से उन्हें पहचानने को कहते। इससे जो त्रुटियाँ सामने आतीं उन्हें वे सुधारने की कोशिश करते थे।

4. मूल्यपरक प्रश्न

क. लुई ब्रेल के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

उत्तर लुई ब्रेल के जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि शारीरिक अक्षमता को कमी न मानकर अन्य गुणों के विकास में सहायक मानना चाहिए।

5. सही विकल्प पर शुद्ध ( ) का चिह्न लगाइए।

क. लुई का दाखिला किस विद्यालय में हुआ?

श्री होए	गुरुकुल	निकेतन

ख. लुई की पहली पुस्तक कब प्रकाशित हुई?

सन् 1827 में	सन् 1828 में	सन् 1829 में

ग. दृष्टिहीनों की दिशा में नई खिड़की खोलने का श्रेय किसको जाता है?

पादरी	श्री होए	चार्ल्स बारबियर

घ. विश्व में अंध विद्यालय की स्थापना किसने की थीं?

लुई ब्रेल	वोलोंते	पादरी

6. सही कथन के आगे सत्य तथा गलत कथन के आगे असत्य लिखिए –

क.	जीवन में अंधकार छाया हो तो उसे दूर करना बहुत आसान होता है।	असत्य
ख.	गाँव के पादरी लुई के पिता के मित्र थे।	सत्य
ग.	दिन में रात के काम पर चर्चा की जातीं थीं।	सत्य
घ.	सन् 1828 में लुई की पहली पुस्तक प्रकाशित हुई।	असत्य